# कार्यालय नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com visit www.nagarnigamrudrapur.com
दूरभाष– 05944-242400

पत्रांकः–. 2173 /सा0नि0अनु0/नि0सू0/2025–26 दिनांक– 29/11/2025

## "निविदा सूचना"

नगर निगम रूद्रपुर में वर्ष 2025–26 में सिविल निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि मा0 मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत आन्तरिक मार्गों के सुधारीकरण कार्य एवं बोर्ड द्वारा स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 15.12.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें दिनांक 16.12.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से निविदा समिति या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। इच्छुक ठेकेदार/फर्म निर्धारित दिनांक एवं समय तक अपनी–अपनी सीलबन्द निविदायें कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर में निविदा पेटी में डाल सकते हैं। निविदा प्रपत्र नगर निगम कार्यालय निर्माण अनुभाग के कक्ष संख्या 23 से दिनांक 01.12.2025 से दिनांक 12.12.2025 तक (राजकीय अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालय कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक निविदा शुल्क जमा कर क्रय कर सकते हैं। अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने की तिथि व समय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है। निविदा की समस्त जानकारी एवं शर्तें नगर निगम रूद्रपुर की वेबसाईट www.nagarnigamrudrapur.com से तथा विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर से प्राप्त की जा सकती है।

(शिप्रा जोशी पाण्डेय)
नगर आयुक्त,
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर।

(विकास शर्मा)
महापौर,
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर।

पत्रांकः–. /सा0नि0अनु0/नि0सू0/2025–26 दिनांक–

प्रतिलिपिः–निम्नांनुसार नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

1. कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधम सिंह नगर।
2. वरिष्ठ कोषाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।
4. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला/उत्तरांचल दर्पण को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को अपनी व्यवसायिक दरों में न्यूनतम 30 प्रतिशत छूट देते हुए समाचार पत्र दिनांक 30.11.2025 के अंक में न्यूनतम पठनीय साईज में प्रकाशित करते हुए समाचार पत्र की 02 प्रतियां इस कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

(भरत सिंह डांगी)
अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर।



Scanned with OKEN Scanner

# निर्माण कार्यों हेतु निविदा शर्तें

1. निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदादाता को नगर निगम रूद्रपुर में वर्ष 2025–26 में सिविल निर्माण कार्यों हेतु ठेकेदारी पंजीकरण होना आवश्यक होगा तथा निविदा के साथ पंजीकरण के प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
2. निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदादाता को निविदा प्रपत्र के साथ जी0एस0टी0 अदेयता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा प्रपत्रों का लिफाफा सीलबन्द होना अनिवार्य है। स्टेपल पिन से बन्द किये गये निविदा लिफाफों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा प्रपत्र के साथ कार्य के सापेक्ष शेड्यूल–बी के अनुसार धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 जो कि नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर के पदनाम से बन्धक हो, प्रत्येक कार्य की अलग–अलग मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
5. किसी भी प्रकार की सशर्त/अपूर्ण निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
6. प्राप्त निविदाओं में से किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर में निहित है।
7. निविदा प्रपत्र नगर निगम कार्यालय से सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समयानुसार निविदा शुल्क जमाकर क्रय किये जा सकते हैं।
8. निविदा प्रक्रिया हेतु निर्धारित की गई तिथियों में कोई राजकीय अवकाश होने की दशा में उक्त तिथि की प्रक्रिया अगले कार्य दिवस में की जायेगी।
9. निर्धारित श्रेणी के अन्तर्गत दी गई निविदा ही मान्य होंगी श्रेणी से इतर दी गई निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
10. निविदा लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप में कार्य संख्या व कार्य का नाम एवं ठेकेदार/फर्म का नाम एवं ठेकेदार/फर्म की श्रेणी अंकित करना अनिवार्य होगा एवं निविदा दरों में ओवर राईटिंग मान्य नहीं होगी तथा कटिंग में हस्ताक्षर किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा ऐसी निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
11. प्रतिशत आधारित निविदाओं की दरें शब्दों व अंको दोनों अवस्थाओं में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा निविदा दरें दशमलव बिन्दु के दो अंको/स्थान तक ही मान्य होंगी अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेंगी।
12. दरें आधारित निविदा के प्रत्येक मद की दर, प्रत्येक मद हेतु निर्धारित स्थान पर ही अंकित करना अनिवार्य होगा।
13. निविदा दर प्राक्कलन की धनराशि से कम दरों पर प्राप्त होने की दशा में G.P.W-9 के clause सं0 3 के अनुसार निर्धारित Additional Performance Security ठेकेदार द्वारा द्वितीय पक्ष को जमा कराई जायेगी जो कि कार्य समाप्ति पर अन्तिम बिल भुगतान के उपरान्त कार्य संतोषजनक होने पर अवमुक्त की जायेगी।
14. सफल निविदादाता संविदा करते समय संविदा मूल्य का 05 प्रतिशत कार्यपूर्ति अथवा परफॉर्मेन्सगारण्टी और 05 प्रतिशत संविदा मूल्य का प्रतिभूति निक्षेप करेगा। निविदादाता की इच्छा पर पूर्व में जमा की गई (ई.एम.डी.) धरोहर धनराशि को कार्यपूर्ति गारण्टी प्रतिभूति निक्षेप में परिवर्तित कर सकता है बशर्ते की धरोहर धनराशि की वैधता अवधि होनी चाहिए।
15. ठेकेदार को निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का गैरन्यायिक स्टाम्प पेपर में रू0 1.00 का रसीदी टिकट चस्पा कर हस्ताक्षर सहित निविदा की वैद्यता अवधि इंगित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
16. स्वीकृत कार्य में खुदाई से निकलने वाली मिट्टी, पुरानी टाईल्स व पुरानी ईंट, लोहे का जाल इत्यादि पुरानी सामग्री को नगर निगम में जमा कराना आवश्यक होगा। ठेकेदार द्वारा उक्त का प्रयोग करने से पूर्व सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जायेगी एवं अन्तिम भुगतान बिल से उसकी कटौती की जायेगी।
17. स्वीकृत कार्य को नगर निगम रूद्रपुर मे कार्यरत अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता की उपस्थिति में प्रारम्भ करना होगा तथा उनके निर्देशों के अनुसार पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा। कार्य में कोई कमी पाये जाने पर उक्त कमी निश्चित अवधि में सही करने के लिए ठेकेदार को नोटिस दिया जायेगा, यदि ठेकेदार उक्त समयावधि में कमियां दूर करने में असफल होता है तो नगर निगम को यह अधिकार होगा कि किसी अन्य ठेकेदार से कार्य सही करवा ले। कार्य की लागत की कटौती प्रथम ठेकेदार के बिल से कर ली जायेगी।
18. निविदा समिति की संस्तुति उपरान्त सफल निविदादाता को एक सप्ताह के अन्दर कार्य के सापेक्ष अतिरिक्त धरोहर धनराशि जमा करते हुए अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात सम्बन्धित निविदादाता की 03 प्रतिशत धरोहर धनराशि जब्त कर दी जायेगी।
19. सम्पादित कार्य के बिलों के भुगतान में से जमानत धनराशि, रॉयल्टी एवं अन्य आवश्यक कटौतियां नियमानुसार कर ली जायेंगी तथा जी.एस.टी विभाग द्वारा नियमानुसार देय होगा।
20. निर्माण कार्य मे प्रयुक्त होने वाली सामग्री की रॉयल्टी जमा करने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी तथा इस आशय के अभिलेख कार्यालय मे जमा करने अनिवार्य होंगे। अभिलेख जमा न करने की स्थिति में रॉयल्टी की कटौती ठेकेदार के भुगतान बिल से कर ली जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| हरीश सिंह<br>सहायक अभियन्ता<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>(ऊधम सिंह नगर) | अधिशासी अभियन्ता<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर | वरिष्ठ वित्त अधिकारी<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर | नगर आयुक्त<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>(ऊधम सिंह नगर) |

Scanned with OKEN Scanner

21. ठेकेदार कार्य को अनुबन्ध की समयावधि में पूर्ण नहीं करता है, तो उसके विरूद्ध शासनादशों के अनुक्रम में भुगतान बिल से कटौती की जायेगी। जिसमें ठेकेदार को कोई आपत्ति नहीं होगी।

22. यदि शासन द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार के अन्य अतिरिक्त करों का आरोपण किया जाता है, तो उसकी कटौती भुगतान बिल से की जायेगी। जिसमें ठेकेदार की पूर्व अनुमति की कोई आवश्यकता नहीं होंगी।

23. कार्य संतोषप्रद ढंग से पूर्ण होने के पश्चात कार्य की Defect Liability Period ( 01 वर्ष ) के बाद तकनीकी अधिकारी द्वारा कार्य सन्तोषजनक होने की संस्तुति उपरान्त ठेकेदार को नियमानुसार सिक्योरिटी डिपोजिट की धनराशि वापस लौटा दी जायेगी।

24. ठेकेदार/फर्म को कार्य का भुगतान धन उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा तथा बिल भुगतान में विलम्ब होने पर किसी भी प्रकार का ब्याज/अतिरिक्त धनराशि देय नहीं होगी।

25. ठेकेदार का दायित्व होगा कि वह कार्य पूर्ण होने पर कार्यस्थल को साफ सुथरे रूप में विभाग को हस्तांतरित करना आवश्यक होगा।

26. कार्य के मध्य किसी मजदूर आदि के साथ कोई दुर्घटना घटती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। इस हेतु नगर निगम किसी भी रूप मे जिम्मेदार नहीं होगा।

27. अपरिहार्य स्थितियों में ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय पर कार्य पूरा नहीं किया जाता है तो निर्धारित समय से पूर्व समय वृद्धि हेतु परिस्थिति का विशेष उल्लेख करना होगा तथा उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित अवधि को बढ़ाए जाने का अधिकार केवल 02 माह तक अधिशासी अभियन्ता नगर निगम रूद्रपुर को होगा। यदि उक्त समयावधि बढ़ाए जाने के उपरान्त भी उक्त कार्य ठेकेदार द्वारा पूर्ण नहीं किया जाता है, तो परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए 02 माह से अधिक का समय नगर आयुक्त को स्वविवेक से बढ़ाने का अधिकार होगा।

28. ठेकेदार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत अथवा पुनः समयावधि बढ़ाए जाने पर भी कार्य पूरा नहीं करता है, अथवा छोड़ देता है तो नगर आयुक्त को अधिकार होगा कि वह सम्बन्धित ठेकेदार का ठेका रद्द करते हुए धरोहर धनराशि व जमानत धनराशि को जब्त कर लें तथा ठेकेदार को आगामी 03 (तीन) वित्तीय वर्षो हेतु काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।

29. निविदादाता को कार्यादेश जारी होने के उपरान्त 01 सप्ताह के अन्दर नगर निगम के तकनीकी अभियन्ता की उपस्थिति में कार्य प्रारम्भ करना अनिवार्य होगा एवं कार्यस्थल पर कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व के फोटोग्राफ एवं कार्य प्रारम्भ, मध्य व कार्य समाप्ति के समय के रंगीन फोटोग्राफ अवर अभियन्ता नगर निगम रूद्रपुर से निरीक्षण कराते हुए प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

30. ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ करते समय प्रयुक्त निर्माण सामग्री के सैम्पल जॉच किसी मान्यता प्राप्त लैब (प्रयोगशाला) से कराना आवश्यक होगा तथा सैम्पल की जॉच रिर्पोट नगर निगम में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। जिसके व्यय का बिल ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत करने पर अनुमोदित दरों पर विभाग द्वारा भुगतान किया जाएगा।

31. पक्षों में विवाद की दशा में मामला जिलाधिकारी ऊधमसिंहनगर के पास पंच निर्णय हेतु भेजा जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पारित आदेश/निर्णय दोनों पक्षों को अन्तिम रूप से स्वीकार्य होगा।

नोट–समस्त निविदादाता उपरोक्त शर्तों का अक्षरशः अध्ययन कर उसका पालन सुनिश्चित करें अन्यथा स्थिति में उनके द्वारा दी गई निविदा निरस्त की जायेंगी जिस हेतु उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर। | वरिष्ठ वित्त अधिकारी<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर। | नगर आयुक्त<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर। | महापौर<br>नगर निगम रूद्रपुर<br>ऊधमसिंह नगर। |

हरीश सिंह
सहायक अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधम सिंह नगर

# निर्माण कार्यों/धरोहर धनराशि/निविदा मूल्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कुल लागत | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 4 ट्रांजिट कैम्प पश्चिमी में गुरूकुल स्कूल से सन्यासी सरकार के घर तक सी0 सी0 रोड एंव नाली निर्माण कार्य। | 731000.00 | 21930.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 2 | वार्ड न0 05 में शिव गोलदार के घर से अशोक विश्वास के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 509000.00 | 15270.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 3 | वार्ड नं0 6 प्रेमनगर में संदीप गुप्ता के घर से छोटे लाल के घर तक सी0 सी0 रोड एंव दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य। | 569000.00 | 17070.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 4 | वार्ड न0 07 आजादनगर में जयओम के घर से चेतराम के घर तक सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 427000.00 | 12810.00 | 590.00 | 2 माह |
| 5 | वार्ड 08 शिवनगर में क्षेत्रपाल के घर से तुलसीराम के घर तक सी0सी0 रोड़ एंव दोनो तरफ नाली का निर्माण कार्य। | 284000.00 | 8520.00 | 590.00 | 2 माह |
| 6 | वार्ड नं0 9 शिव नगर में प्रकाश दास के घर से राजकुमार के घर तक सी0 सी0 रोड एंव दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य। | 348000.00 | 10440.00 | 590.00 | 2 माह |
| 7 | वार्ड नं0 11 संजयनगर में प्रमोद गुप्ता के घर से श्रीराम बैरागी के घर तक सी0 सी0 रोड़ का निर्माण कार्य। | 343000.00 | 10290.00 | 590.00 | 2 माह |
| 8 | वार्ड न0 14 में योगेन्द्र शर्मा के घर से राकेश सिह के घर तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 936000.00 | 28080.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 9 | वार्ड नं0 18 मकसूद शाह के घर से यूनश सती के घर तक सी0 सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 677000.00 | 20310.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 10 | वार्ड नं0 19 खेडा उत्तरी में शारदा के घर से विमल के घर होते हुऐ विक्रान्त तक सी0 सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 766000.00 | 22980.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 11 | वार्ड नं0 20 यादराम के घर होते हुऐ सोमेश्वर के घर तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 716000.00 | 21480.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 12 | वार्ड नं0 21 भूतबंगला में सरकारी सस्ता गल्ला रोड से आटा चक्की तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 671000.00 | 20130.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 13 | वार्ड नं0 22 बाल्मीकि सामुदायिक भवन से होतें हुए रामप्रशाद के घर तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 674000.00 | 20220.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 14 | वार्ड नं0 24 रम्पुरा में मदन के घर जे0 नारायण के घर तक सी0 सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 836000.00 | 25080.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 15 | वार्ड नं0 25 प्रीत विहार में रनवीर सिंह चौहान के घर से अवतार सिंह के घर तक सी0 सी0 रोड एंव नाली निर्माण कार्य। | 543000.00 | 16290.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 16 | वार्ड नं0 33 सिंह कालौनी में पाण्डे जी के घर से गली न0 3 के मोड तक सी0 सी0 सड़क व पुलिया का निर्माण कार्य। | 584000.00 | 17520.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 17 | वार्ड नं0 37 रविन्द्रनगर में खितिज राय के घर से संकर गोलदार के घर तक सी0 सी0 सडक व नाली का निर्माण कार्य। | 387000.00 | 11610.00 | 590.00 | 2 माह |
| 18 | नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत के0 के0 होटल के सामने त्रिशूल चौक का निर्माण कार्य। | 1866000.00 | 55980.00 | 1770.00 | 5 माह |
| 19 | वार्ड नं0 33 सिंह कॉलौनी की मुख्य सड़क स्व0 हरिराज सिंह चौहान मार्ग में स्व0 हरिराज सिंह चौहान स्मृति द्वार का निर्माण कार्य। | 1768000.00 | 53040.00 | 1770.00 | 5 माह |

सुरेश कुमार
अपर सहायक अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर

सहायक अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

सिंह
सहायक अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | वार्ड नं0 03 गाँधी नगर में श्री रमेश पाल जी के घर से श्री मोहन लाल जी के घर तक सी0 सी0 रोड एवं दोनों तरफ नाली का निर्माण। | 960000.00 | 28800.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 21 | वार्ड नं0 03 गाँधी नगर में श्री दर्शन जी के घर से श्री लाखन जी के घर तक सी.सी. रोड एवं दोनों तरफ नाली का निर्माण। | 762000.00 | 22860.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 22 | वार्ड नं0 04 में आजाद नगर मे सुकुमार तरफदार जी के घर से श्रीकांत बिश्वास जी के मकान तक दोनों तरफ नाली एवं सी सी सड़क का निर्माण कार्य। | 799000.00 | 23970.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 23 | वार्ड न0 06 में प्रेमनगर कालोनी में संदीप के घर से बॉबी के घर तक सी0सी रोड़ एव नाली निर्माण। | 1441000.00 | 43230.00 | 1770.00 | 4 माह |
| 24 | वार्ड न0 08 में विजय राजपूत के घर से बबलु रस्तोगी के घर तक दोनों तरफ नाली व 80 मीटर लम्बी व 12 मी0 चौड़ी सड़क निर्माण कार्य। | 533000.00 | 15990.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 25 | वार्ड नं0 09 में लालता प्रसाद के घर से रामपाल कश्यप के घर तक नई रोड व नाली निर्माण कार्य। | 602000.00 | 18060.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 26 | वार्ड न0 10 में भूपराम के घर से लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता के घर तक सड़क निर्माण कार्य | 810000.00 | 24300.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 27 | वार्ड न0 11 महेश शर्मा के घर से रामनिवास सागर के घर तक सड़क निर्माण कार्य । | 676000.00 | 20280.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 28 | वार्ड नं0 12 शिव मन्दिर में छत डलवाने का कार्य। | 1480000.00 | 44400.00 | 1770.00 | 4 माह |
| 29 | वार्ड न0 13 में दुधियानगर में श्री हरीश के घर से श्री अशोक के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य । | 1135000.00 | 34050.00 | 1770.00 | 4 माह |
| 30 | वार्ड न0 14 में मदईपुरा में लाखन सिंह के मकान से रामकिशोर के घर तक व देवीदास के घर से बुद्धसेन के घर तक सी0 सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 2246000.00 | 67380.00 | 2360.00 | 2 माह |
| 31 | वार्ड न0 16 में शांति कालोनी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 1919000.00 | 57570.00 | 1770.00 | 5 माह |
| 32 | वार्ड न0 17 में मेवालाल पाल के घर से अकील खाँ के घर तक सी0 सी0 रोड व नाली निर्माण का कार्य । | 2059000.00 | 61770.00 | 2360.00 | 5 माह |
| 33 | वार्ड न0 18 में केसरी अली के घर से पुत्तन पहलवान के घर तक रोड़ व नाली निर्माण का कार्य । | 1978000.00 | 59340.00 | 1770.00 | 5 माह |
| 34 | वार्ड नं0 19 जिला न्यायालय आवासीय परिसर में स्थित मैदान में कलर इण्टरलॉकिंग टाईल्स लगाये जाने का कार्य। | 2465000.00 | 73950.00 | 2360.00 | 5 माह |
| 35 | वार्ड न0 20 में सईद के मकान से शकील के मकान तक सी0 सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 1472000.00 | 44160.00 | 1770.00 | 4 माह |
| 36 | वार्ड न0 22 मे गौतम वाल्मीकि के घर से मुकेश के घर तक सी0 सी0 रोड़ निर्माण कार्य। | 897000.00 | 26910.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 37 | वार्ड न0 22 में केदार जी के घर से भगवान दास तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 432000.00 | 12960.00 | 590.00 | 2 माह |
| 38 | वार्ड नं 23 में जोगेन्दर किराना स्टोर से प्रेमपाल उर्फ पप्पु टेलर्स तक सी सी सडक व नाली का निर्माण कार्य। | 2424000.00 | 72720.00 | 2360.00 | 5 माह |
| 39 | वार्ड नं0 24 में हरि शंकर के घर से टेकचन्द के घर तक नाली व सी०सी० रोड़ का निर्माण कार्य। | 634000.00 | 19020.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 40 | वार्ड नं0 25 में गोपी के घर से विजेन्द्र के घर तक सी0 सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 2400000.00 | 72000.00 | 2360.00 | 5 माह |
| 41 | वार्ड नं0 27 में सुभाष कॉलोनी मस्जिद वाली गली में सी0 सी0 रोड़ व नाली निर्माण | 927000.00 | 27810.00 | 1180.00 | 3 माह |

सुरेश कुमार
अपर सहायक अभियन्ता
नगर निगम रुद्रपुर

सुरेन्द्र सिंह
अपर अभियन्ता
नगर निगम रुद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

हरीश सिंह अधिशासी अभियन्ता
सहायक अभियन्ता नगर निगम रुद्रपुर
नगर निगम रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर

नगर निगम रुद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 42 | वार्ड नं0 30 में पुराने नवरंग वाली गली में सी0 सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 1349000.00 | 40470.00 | 1770.00 | 4 माह |
| 43 | वार्ड नं0 32 में हंस विहार फेस–दू गली नं0–01 में बिष्ट जी के घर से फौजी साहब के घर तक नाली व आर०सी०सी० रोड़ का निर्माण कार्य। | 2489000.00 | 74670.00 | 2360.00 | 5 माह |
| 44 | वार्ड नं0 32 भूरारानी में समाजसेवी श्री राधेश्याम चुघ के नाम से स्मृति द्वार का निर्माण कार्य। | 1998000.00 | 59940.00 | 1770.00 | 5 माह |
| 45 | वार्ड नं0 34, रामलीला ग्राउण्ड के सामने स्कूल के बच्चो व अन्य राहगीरो के लिये बने टीनशेड का सौन्दर्यीरण एवं पुनः निर्माण कार्य। | 385000.00 | 11550.00 | 590.00 | 2 माह |
| 46 | वार्ड नं0 35 इन्द्रा कालौनी में देवू मण्डल के मकान से काशीनाथ हाजरा के मकान तक सी0सी0 रोड़, स्लैब एवं नाली निमार्ण का कार्य। | 1927000.00 | 57810.00 | 1770.00 | 5 माह |
| 47 | वार्ड नं0 36 आदर्श इन्द्रा कालौनी (घास मण्डी) में शहीद राम कुमार आर्या पार्क का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 669000.00 | 20070.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 48 | वार्ड नं0 37 में मन्दिर मनकामेश्वर में टाईल्स पत्थर लगाने का कार्य। | 1260000.00 | 37800.00 | 1770.00 | 4 माह |
| 49 | वार्ड नं0 39 में महादेव पार्क की मरम्मत, सौन्दर्यीकरण एवं पार्क के मंदिर में गुम्बद का निर्माण कार्य। | 1185000.00 | 35550.00 | 1770.00 | 4 माह |
| 50 | वार्ड नं0 40 में कलैक्ट्रेट परिसर स्थित मंदिर में टीन शेड का निर्माण का कार्य। | 330000.00 | 9900.00 | 590.00 | 2 माह |
| 51 | वार्ड नं0 01 में श्मशान घाट में सुरक्षा दीवार एवं 01 कमरे का निर्माण कार्य। | 1552000.00 | 46560.00 | 1770.00 | 5 माह |
| 52 | वार्ड नं 04 ट्रांजिट कैम्प में राधा कृष्ण मंदिर परिसर में कोटा स्टोन लगाये जाने का कार्य। | 2005000.00 | 60150.00 | 2360.00 | 5 माह |
| 53 | वार्ड न0 05 में चिन्तामणी के घर से सुनील के मकान तक सी0सी0 मार्ग एंव नाली | 688000.00 | 20640.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 54 | वार्ड नं0 05 में श्री श्याम गली मार्ग में सुरेन्द्र कुमार के घर से आनन्द ढाली के घर तक सी0 सी0 रोड़ निर्माण कार्य। | 927000.00 | 27810.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 55 | वार्ड नं0 07 में सागर के घर से कल्याणी नदी तक सी0 सी0 रोड़ निर्माण कार्य। | 2039000.00 | 61170.00 | 2360.00 | 5 माह |
| 56 | वार्ड नं0 21 रम्पुरा में अनिल कोली के घर से सलीम डिपो के घर तक सी0 सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 764000.00 | 22920.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 57 | वार्ड न0 27 गांधी कालोनी में वसीम के घर से नजाकत अली कादरी तक नाला व नाले के उपर आर0 सी0 सी0 स्लैब कवरिंग का कार्य । | 856000.00 | 25680.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 58 | वार्ड नं 29 में रूद्रा कॉन्टिनेंटल के सामने स्थित सुभाष चौक में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति स्थापना कार्य। | 1916000.00 | 57480.00 | 1770.00 | 5 माह |
| 59 | वार्ड नं0 31 अग्रवाल हॉस्पिटल के बगल में सडक के दोनों ओर फुटपाथ में सी0 सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 648000.00 | 19440.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 60 | नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डो में क्षतिग्रस्त सड़कों पर जी0एस0बी0 भरान का कार्य। | 2466000.00 | 73980.00 | 2360.00 | 5 माह |
| 61 | नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत मौदी मैदान में व्यू कटर लगाये जाने का कार्य। | 2105000.00 | 63150.00 | 2360.00 | 5 माह |
| 62 | वार्ड नं0 02 में प्रेमपाल के घर से हरीश शुक्ला के घर तक सी0 सी0 रोड एंव नाली का निर्माण कार्य। | 517000.00 | 15510.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 63 | वार्ड न0 02 कृष्णा कालौनी में कोयल क्लीनिक से निर्भय गंगवार के घर तक सी0 सी0 रोड एंव नाली का निर्माण कार्य। | 598000.00 | 17940.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 64 | वार्ड नं0 05 आयुष डेरी से हासीम के घर तक सी0 सी0 मार्ग वं नाली का निर्माण कार्य। | 570000.00 | 17100.00 | 1180.00 | 3 माह |

सुरेश कुमार
अपर सहायक अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर
(ऊ०सिं० सिंह नगर)

शुभम सिंह
अवर अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

हरीश सिंह
सहायक अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधम सिंह नगर

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 65 | वार्ड न0 05 में रंजन सिह के मकान से राजेन्द्र के मकान तक सी0सी0 मार्ग व नाली निर्माण कार्य। | 598000.00 | 17940.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 66 | वार्ड न0 08 में लक्ष्मी ब्यूटी पार्लर से उत्तम विश्वास के घर तक सी0सी0 रोड एव नाली निर्माण कार्य। | 531000.00 | 15930.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 67 | वार्ड नं0 21 रम्पुरा में बिट्टू शर्मा के घर से राकेश गुप्ता के घर तक सी0 सी0 सडक एंव पुलिया निर्माण कार्य। | 575000.00 | 17250.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 68 | वार्ड न0–26 मॉडल कालोनी गली न0 2 में शनिदेव मन्दिर से लेकर श्री राजकुमार जैन के घर तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 544000.00 | 16320.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 69 | वार्ड नं0 26 मॉडल कालोनी में गुरमीत जी के घर से संजीव गुप्ता के घर तक सी0 सी0 रोड व नाली एंव पुलिया का निर्माण कार्य। | 322000.00 | 9660.00 | 590.00 | 2 माह |
| 70 | वार्ड नं0 26 माडल कालोनी में मेजर सिंघल के घर से श्री सुनील ठुकराल के घर तक सी0 सी0 का निर्माण कार्य। | 325000.00 | 9750.00 | 590.00 | 2 माह |
| 71 | वार्ड न0 40 सैनिक कल्याण विभाग परिसर में शौचालय का निर्माण। | 422000.00 | 12660.00 | 590.00 | 2 माह |

सुरेश कुमार
अपर सहायक अभियन्ता
नगर निगम रूद्रपुर
(ऊधम सिंह नगर)

शुभम सिंह
अवर अभियन्ता
नगर निगम रुद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

हरीश सिंह
सहायक अभियन्ता
नगर निगम रुद्रपुर
ऊधम सिंह नगर

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम रुद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

नगर आयुक्त
नगर निगम रुद्रपुर
(ऊधम सिंह नगर)

विकास शर्मा
महापौर
नगर निगम रुद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

ऊधम सिंह नगर

Scanned with OKEN Scanner